दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार, 21 मार्च 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 171

# चक्रवाती तूफान 'आसनी' का बढ़ा खतरा, कई जगहों पर भारी बारिश का अलर्ट



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चक्रवाती तूफान 'आसनी' के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के तट तक पहुंचने के अनुमान के साथ, प्रशासन द्वीपसमूह में स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्था कर रहा है, जिसमें निचले इलाकों से लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना शामिल है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की वेबसाइट के अनुसार, बंगाल की दक्षिण पूर्व खाड़ी और उससे सटे दक्षिण अंडमान सागर पर आज एक दवाब और निम्न दबाव वाले क्षेत्र के 21 मार्च के आसपास एक चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है।

इसके बाद इसके उत्तर-उत्तर पूर्व की ओर बढऩे और 22 मार्च को उत्तरी म्यांमार के दक्षिण-पूर्वी बांग्लादेश तटों के पास पहुंचने की संभावना है। आईएमडी ने शनिवार को अपने बुलेटिन में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की भविष्यवाणी की है, साथ ही निकोबार द्वीप समूह में अत्यधिक भारी बारिश की संभावना जताई है।

एक बयान के अनुसार, मुख्य सचिव जितेंद्र नारायण ने हुई एक बैठक में प्रशासन की तैयारियों की समीक्षा की और सभी हितधारकों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि निकाले गए लोगों को आश्रय देने के लिए बनाए गए अस्थायी शिविरों में भोजन, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था हो। नारायण ने निर्देश दिया कि खराब मौसम को देखते हुए नौ-परिवहन सेवाओं को तुरंत स्थगित कर दिया जाए और मछली पकडऩे वाली किसी भी नाव को समुद्र में जाने की अनुमति नहीं दी जाए।

उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग से लोगों के बीच इस संबंध में जागरूकता फैलाने को कहा। मौसम विभाग ने 20 मार्च को अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछारें पडऩे की चेतावनी दी है। विभाग ने कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश और केंद्र शासित प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश की आशंका जताई है। विभाग ने सभी मछुआरों को अंडमान सागर और उससे सटे दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी में न जाने की सलाह भी दी है।

### चक्रवात 'आसनी' के कारण अंडमान के कुछ हिस्सों में बारिश, तेज हवाएं

**पोर्ट ब्लेयर।** चक्रवात 'आसनी के प्रभाव से रविवार को बारिश और तेज हवाओं के कारण अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में आम जनजीवन प्रभावित हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साल के पहले चक्रवाती तूफान के तेजी से द्वीप समूह की तरफ बढऩे के मद्देनजर अंतर-द्वीपीय जहाज सेवाओं को रोक दिया गया है और मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने का अलर्ट जारी किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, एहतियात के तौर पर द्वीप समूह के विभिन्न हिस्सों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के लगभग 100 कर्मियों को तैनात किया गया है और छह राहत शिविर भी स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर और मध्य अंडमान में बारिश के साथ तेज हवाएं चलीं, लेकिन पोर्ट ब्लेयर में जनजीवन सामान्य रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को जारी एक ट्विटर पोस्ट में कहा, ''आज 20 मार्च 2022 को भारतीय समयानुसार सुबह साढ़े पांच बजे दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी और उससे सटे दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर बना कल का कम दबाव वाला क्षेत्र न्यूनतम दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील हो गया। अगले 24 घंटों के दौरान इसके और अधिक गहन न्यूनतम दबाव वाले क्षेत्र में बदलने की आशंका है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, चक्रवाती तूफान के बांग्लादेश और म्यांमा के तटों की तरफ बढऩे के भी आसार हैं।

### जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में हल्की बारिश की संभावना : आईएमडी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में आज मौसम खराब रहेगा और अगले 24 घंटों के दौरान आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और हल्की बारिश होने की संभावना है। ये जानकारी मौसम विभाग ने दी। विभाग ने कहा कि , हम अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और हल्की बारिश की उम्मीद है। श्रीनगर में रविवार को न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस, पहलगाम में 2.9 डिग्री और गुलमर्ग में 1.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बीएसएफ के जवान राष्ट्र विरोधी तत्वों के नापाक मंसूबों से निपटने में सक्षम : डीजी

**जम्मू (आरएनएस)।** सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक पंकज कुमार ने कहा कि बीएसएफ के जवान राष्ट्र विरोधी तत्वों के किसी भी नापाक मंसूबों से निपटने में सक्षम हैं। बीएसएफ के डीजी, बीएसएफ जम्मू फ्रंटियर के महानिरीक्षक डी.के. बूरा और अन्य अधिकारियों ने रिंटीट समारोह का अवलोकन किया। कुमार ने कहा कि मौजूदा परिदृश्य में ड्रोन का खतरा एक बड़ी चुनौती है और बीएसएफ अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन-रोधी प्रणाली लगाकर इस चुनौती से बहुत प्रभावी ढंग से निपट रही है। जम्मू के अपने दौरे के दौरान बीएसएफ के महानिदेशक ने सुरक्षा संबंधी मुद्दों का जायजा लेने के लिए राजभवन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में भी हिस्सा लिया। कुमार ने आश्वासन दिया कि बीएसएफ किसी भी प्रकार के खतरे से निपटने और राष्ट्र विरोधी तत्वों के नापाक मंसूबों को हराने के लिए पूरी तरह से सक्षम है।

### एन. बीरेन सिंह दूसरी बार बनेंगे मणिपुर के सीएम

**इंफाल (आरएनएस)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को घोषणा की कि एन बीरेन सिंह दूसरे कार्यकाल के लिए मणिपुर के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में मणिपुर भेजी गईं सीतारमण ने कहा कि सिंह को सर्वसम्मति से पार्टी के राज्य विधायक दल ने अपना नेता चुना। पिछले 10 दिनों से जारी अनिश्चितता के बाद विधायक दल की बैठक और यह घोषणा हुई है, क्योंकि प्रतिद्वंद्वी नेता बीरेन सिंह और भाजपा के वरिष्ठ विधायक टी बिस्वजीत सिंह केंद्रीय नेताओं से मिलने के लिए दो बार दिल्ली पहुंचे, जिसे प्रतिद्वंद्वी खेमों द्वारा लामबंदी की कवायद के तौर देखा गया था। हालांकि, पार्टी के भीतर मतभेद का खंडन किया गया था। सीतारमण तथा सह-पर्यवेक्षक बनाए गए केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू राज्य में नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों की बैठक में भाग लेने के लिए रविवार को इंफाल पहुंचे। केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव, भाजपा के राज्यसभा सदस्य लैशेम्बा सनाजाउबा और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने भी महत्वपूर्ण बैठक के लिए उड़ान भरी। मणिपुर में हाल में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 60 सदस्यीय सदन में 32 सीट जीतकर सत्ता में वापसी की है।

### माता-पिता के जिंदा रहते बेटों का संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं : बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई (आरएनएस)।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा कि जब तक माता-पिता जिंदा हैं, बेटों का संपत्ति पर कोई हक नहीं होगा। कोर्ट ने एक महिला की याचिका पर यह फैसला दिया है। दरअसल, एक महिला अपने पति का इलाज कराने के लिए अपनी संपत्ति बेचना चाहती थी, लेकिन उसका बेटा मां को संपत्ति बेचने से रोक रहा था। इसके बाद उसकी मां ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता सोनिया खान के पक्ष में फैसला दिया। याचिकाकर्ता सोनिया खान ने कहा था कि अपने पति की सभी संपत्ति की वह कानूनी अभिभावक बनना चाहती थी। याचिकाकर्ता का बेटा आसिफ खान उन्हें ऐसा करने से रोक रहा था। वह अपने पिता का फ्लैट बेचने के मां के फैसले के खिलाफ था, इसलिए उसने भी कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर दी। आसिफ ने कहा था कि अपने पिता की पूरी संपत्ति का वह लीगल गार्जियन है। उसके माता-पिता के दो फ्लैट हैं। एक मां के नाम पर है और दूसरा पिता के नाम पर है। फ्लैट शेयर्ड हाउसहोल्ड की श्रेणी में आता है। ऐसे में फ्लैट पर उसका पूरा-पूरा हक है। कोर्ट ने उसकी इन दलीलों को सिरे से खारिज कर दिया। जस्टिस गौतम पटेल और जस्टिस माधव जामदार की बेंच ने अपने फैसले में कहा कि आसिफ यह साबित करने में विफल रहा कि उसने पिता की कभी परवाह की थी।

### विकास कुमार होंगे दिल्ली मेट्रो के नए एमडी, एलजी ने दी मंजूरी, 5 वर्ष का होगा कार्यकाल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के नए प्रबंध निदेशक की तलाश खत्म हो गई है। मेट्रो रेल सेवा से जुड़ा अनुभव रखने वाले विकास कुमार को डीएमआरसी का नया प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। उपराज्यपाल ने चयन समिति के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जिसमें उन्हें अगला एमडी नियुक्त किए जाने की सिफारिश की गई है।

## नाबालिग लड़की के अपहरण में 72 वर्षीय बुजुर्ग गिरफ्तार



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस ने एक नाबालिग लडक़ी के अपहरण के मामले में 72 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक ऑटो-रिक्शा चालक है और वह लडक़ी को हरिद्वार ले जाना चाह रहा था। पुलिस ने कहा कि नई दिल्ली जिला पुलिस ने एक अपहृत नाबालिग लडक़ी को बचाते हुए पीडि़ता के साथ राजधानी से भागने से पहले ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गीता कॉलोनी निवासी आरोपी रघुनाथ (72) ने पीड़िता के उसके ऑटो-रिक्शा में बैठने के बाद उसके साथ छेड़छाड़ की थी।

जानकारी के अनुसार, 17 मार्च को शिकायतकर्ता ने पुलिस को सूचित किया कि उसकी 11 साल की बेटी बंगाली बाजार से लापता हो गई है। मामले की संवेदनशीलता के कारण जिला पुलिस हरकत में आ गई और बाराखंभा रोड पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 363 के तहत एफआईआर दर्ज कर लडक़ी की तलाश की गई।

पुलिस टीम ने संबंधित स्थानों से मिली सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और पाया कि पीड़ित एक ऑटो-रिक्शा में सवार हुई थी। पुलिस ने कहा कि इंस्पेक्टर मौसम गनी और एसआई उमेश यादव के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने पूर्वी दिल्ली इलाके में पैसिफिक मॉल के पास आरोपी को ढूंढ निकाला। आरोपी पीड़िता के साथ उत्तराखंड के हरिद्वार भागने की कोशिश कर रहा था।

पुलिस ने कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि पीड़िता दिल्ली में नए स्थानों को देखने के लिए उसके ऑटो में सवार हुई थी, पुलिस ने कहा कि आरोपी ने कथित तौर पर लडक़ी से छेड़छाड़ भी की। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने पीड़िता को हरिद्वार ले जाने की योजना बनाई थी।

## पाकिस्तान को कर रहे थे ट्रामाडोल की सप्लाई, एनसीबी ने फार्मा कंपनी के एमडी समेत 5 को किया गिरफ्तार



**बेंगलुरु (आरएनएस)।** एनसीबी की बेंगलुरु इकाई ने तेलंगाना में एक दवा कंपनी के प्रबंध निदेशक, सहयोगी उपाध्यक्ष और तीन अन्य कर्मचारियों को कथित तौर पर पाकिस्तान को ट्रामाडोल का फिर से निर्यात करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पांचों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

एनसीबी के अधिकारियों ने कहा कि संगारेड्डी जिले की एक फार्मा कंपनी ल्यूसेंट ड्रग्स प्राइवेट लिमिटेड की तलाशी ली गई, जो इंटीग्रेटेड एपीआई और इंटरमीडिएट बनाती है और ट्रामाडोल के प्रमुख निर्यातकों में से एक है।

एनसीबी ने फार्मा कंपनी द्वारा पाकिस्तान को एक वर्ष में 25,000 किलोग्राम दवाई के अनधिकृत निर्यात का पता लगाया और एसिटिक एनहाइड्राइड के घोषित स्टॉक से संबंधित लगभग 3.85 किलोग्राम की विसंगति का पता लगाया।

एक अधिकारी ने कहा, जांच के दौरान दस्तावेजी और डिजिटल साक्ष्य से पता चला कि कंपनी ने डेनमार्क, जर्मनी और मलेशिया को ट्रामाडोल का निर्यात किया और बिना किसी वैध अनुमति के पाकिस्तान को फिर से निर्यात किया। कंपनी ने अंतिम गंतव्य यानी पाकिस्तान और फिर से निर्यात विवरण को दबा दिया था।

अधिकारी ने कहा, उन्होंने केवल डेनमार्क, जर्मनी और मलेशिया को ट्रामाडोल के निर्यात के लिए एनओसी प्राप्त की है, पाकिस्तान के लिए नहीं। उन्होंने वर्ष 2021 के दौरान बिना किसी वैध अनुमति के पाकिस्तान को 25,000 किलोग्राम ट्रामाडोल का फिर से निर्यात किया है।

कारखाना परिसर में एसिटिक एनहाइड्राइड के घोषित स्टॉक के भौतिक सत्यापन के दौरान यह पाया गया कि घोषित स्टॉक की तुलना में 3.85 किलोग्राम एसिटिक एनहाइड्राइड की कमी है।

अधिकारी ने कहा कि एनसीबी को कानूनी रूप से अनिवार्य रिटर्न और एसिटिक एनहाइड्राइड के वास्तविक स्टॉक में घोषित स्टॉक में विसंगति थी। एसिटिक एनहाइड्राइड, एक अग्रदूत/नियंत्रित पदार्थ, हेरोइन के अवैध उत्पादन के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया एजेंट है।

## नीति आयोग आज वूमेन ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया अवार्ड्स के 5वें संस्करण का आयोजन करेगा




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** नीति आयोग का महिला उद्यमिता मंच (डब्ल्यूईपी) सोमवार को वूमेन ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया अवार्ड्स (डब्ल्यूटीआई) के पांचवें संस्करण का आयोजन कर रहा है। इस वर्ष, भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष का उत्सव मनाने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में, डब्ल्यूटीआई पुरस्कार 75 महिलाओं को सशक्त और समर्थ भारत के लिए उनके योगदान का उत्सव मनाने के लिए प्रदान किए जाएंगे। एकजुटता और गठबंधन के प्रदर्शन में, यह पुरस्कार महिलाओं के समान रूप से असाधारण समूह द्वारा दिए जाएंगे। इस समूह में पुदुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल किरण बेदी; संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव लक्ष्मी पुरी; डॉ. टेसी थॉमस, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन-डीआरडीओ में वैमानिकी प्रणाली की महानिदेशक, भारतीय स्टेट बैंक की पूर्व अध्यक्ष अरुंधति भट्टाचार्य; नैसकॉम की अध्यक्ष देबजानी घोष; विख्यात गायिका इला अरुण,; दूरदर्शन समाचार की पूर्व समाचार प्रस्तोता सलमा सुल्तान; अपोलो हॉस्पिटल्स की संयुक्त प्रबंध निदेशक डॉ. संगीता रेड्डी; और दा मिलानो लेदर्स की प्रबंध निदेशक शिवानी मलिक शामिल हैं। स्पोर्ट्स चैंपियन और ट्रैक एंड फील्ड एथलीट शाइनी विल्सन; वर्ष 2000 के ओलंपिक खेलों में भारोत्तोलन स्पर्धा में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला कर्णम मल्लेश्वरी; बॉक्सिंग में टोक्यो ओलंपिक खेलों की पदक विजेता लवलीना बोर्गोहेन; एसएल-3 में दुनिया की नंबर 1 पैरा-बैडमिंटन एकल खिलाड़ी मानसी जोशी; टोक्यो 2020 ओलंपियन जिमनास्ट और 2019 एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता प्रणति नाइक; और टोक्यो 2020 ओलंपियन और 2018 एआईबीए विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता सिमरनजीत कौर और महिला रक्षा अधिकारी भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगी।

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी-सीईओ अमिताभ कांत और वरिष्ठ सलाहकार अन्ना रॉय; शोम्बी शार्प, भारत में यूएन रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर; और डब्ल्यूईपी एंथम को लिखने, संगीतबद्ध और अपनी आवाज देने वाले कैलाश खेर, भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

वूमेन ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया अवार्ड्स देश की महिलाओं का नेतृत्व करने और परिवर्तन करने वालों के सराहनीय और महत्वपूर्ण प्रयासों को उजागर करने के लिए नीति आयोग की वार्षिक पहल है।

## हिजाब बैन पर फैसला सुनाने वाले कर्नाटक के चीफ जस्टिस को जान से मारने की धमकी; 3 जजों को वाई श्रेणी की सुरक्षा



**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक हाई कोर्ट के जज को जान से मारने की धमकी मिली है। ये धमकी 15 मार्च को हिजाब पर फैसला सुनाने वाले जज को मिली है। सोशल मीडिया पर धमकी भरा एक वीडियो सामने आया था। वकील उमापति एस ने आरोप लगाया कि उन्हें व्हाट्सएप पर एक वीडियो संदेश मिला। जिसमें मुख्य न्यायाधीश रितु राज अवस्थी को हत्या की धमकी दी गई थी। कर्नाटक हाई कोर्ट के जजों को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तमिलनाडु पुलिस ने शनिवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया। साथ ही मुख्य न्यायाधीश सहित 3 जजों को वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है।

कर्नाटक के ज्यादातर इलाकों में हिजाब विवाद का मुद्दा बन गया था जिसके बाद कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि हिजाब कोई जरूरी धार्मिक प्रथा नहीं है। रजिस्ट्रार को लिखे पत्र में, वकील ने कहा, मुझे अपने संपर्कों से सुबह 9.45 बजे व्हाट्सएप वीडियो संदेश मिला, जो कि तमिल भाषा में है।

वकील ने आरोप लगाया कि वीडियो तमिलनाडु (शायद मदुरै जिले) से भेजा गया है। वकील ने कहा, कर्नाटक के माननीय मुख्य न्यायाधीश को यह कहकर धमकी दी गई कि उन्हें मालूम है कि मुख्य न्यायाधीश घूमने के लिए कहां जाते हैं। इस धमकी में झारखंड के न्यायाधीश की हत्या का भी जिक्र किया जा रहा है।

## हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और हरियाणा के मुख्यमंत्री ने 35वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले का उद्घाटन किया



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज 35वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर हरियाणा के पर्यटन वन, आतिथ्य और कला, शिक्षा, संसदीय कार्य मंत्री कंवर पाल, उज़्बेकिस्तान दूतावास के विशिष्ठ राजदूत दिलशोद अखतोव, बडख़ल की विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा, भारत सरकार के केंद्रीय विद्युत और भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल, परिवहन, खान और भूविज्ञान, कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण एवं चुनाव मंत्री मूल चंद शर्मा और भारत सरकार पर्यटन मंत्रालय के सचिव अरविंद सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

उद्घाटन सत्र के दौरान हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने अपने संबोधन में सभ्यता और संस्कृति के विकास में कला और शिल्प के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिल्प मेला आयोजित करने के लिए केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार के मंत्रालयों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे भारत के शिल्पियों के साथ-साथ प्रतिभागी देशों को अपने-अपने देशों की कला और शिल्प की समृद्ध विरासत को प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सूरज कुंड शिल्प मेला पूरे भारत के हजारों शिल्पकारों को अपनी कला और उत्पादों को बड़ी संख्या में आने वाले दर्शकों के सामने प्रदर्शित करने में सहायता करता है। इस प्रकार, इस मेले ने भारत के विरासत शिल्प को पुनर्जीवित करने में भी सहायता की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का सूरज कुंड शिल्प मेला विशेष है क्योंकि वर्तमान में हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। मेला पहली बार 1987 में आयोजित किया गया था और यह इस वर्ष आयोजित होने वाला 35वां शिल्प मेला है और यह न केवल हरियाणा के शिल्पियों के लिए बल्कि पूरे भारत के कारीगरों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है और हमारी समृद्ध विरासत और संस्कृति को संरक्षित रखने के लिए प्रोत्साहन भी देता है।

भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय सचिव अरविंद सिंह ने फरीदाबाद में आयोजित इस सूरजकुंड शिल्प मेले में अपने संबोधन में कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण 35वां सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला-2022 लंबे अंतराल के बाद आयोजित किया जा रहा है, क्योंकि वर्ष 2021 में कोविड महामारी के कारण इस बहुप्रतीक्षित शिल्प कार्यक्रम का आयोजन नहीं हो पाया था। हालांकि, इस वर्ष सूरजकुंड मेला नई ऊर्जा के साथ एक बड़े आयोजन के वादे के साथ आया है। उन्होंने इस वर्ष शिल्प मेले के आयोजन और कार्यान्वयन के लिए हरियाणा सरकार के प्रयासों और कड़ी मेहनत की प्रशंसा की और भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने में यह कैसे मदद करेगा, इस विषय पर जानकारी भी दी।

हरियाणा सरकार के प्रमुख पर्यटन सचिव एम.डी. सिन्हा ने कहा कि मेला ग्राउंड 43.5 एकड़ भूमि में फैला हुआ है और शिल्पकारों के लिए 1183 वर्क हट्स और एक बहु-व्यंजन फूड कोर्ट है, जो आगंतुकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। मेले का परिवेश महुआ, नरगिस, पांचजन्य जैसे रूपांकनों और सजावट के साथ इसे विशिष्ट संस्कृति से जोड़ता है और इसके साथ ही स्वतंत्रता के 75 वर्ष की थीम के साथ स्वतंत्रता पदक, तिरंगे झंडे और स्मारक टिकटों के रूपांकनों और प्रतिकृतियों के साथ इसकी शोभा को बढ़ाता है।